राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु

बुलेटिन संख्या : 06 दिनांक : 07.03.2020

# हिंदी भाषा परीक्षाओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन
# Orientation Programme for Hindi Language Exams

केनरा बैंक, राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरु द्वारा **दिनांक 06 मार्च, 2020** को प्रधान कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में **प्रधान कार्यालय में कार्यरत तथा हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान न रखने वाले कर्मचारियों के लिए** प्रबोध, प्रवीण, प्राज्ञ परीक्षाओं हेतु **उन्मुखीकरण कार्यक्रम** का आयोजन किया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में **श्री एल वी आर प्रसाद, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, श्री एच एम बसवराज, सहायक महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग** उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में श्री एल वी आर प्रसाद, मुख्य महा प्रबंधक ने प्रतिभागियों संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार सरकारी क्षेत्र में कार्यरत सभी कर्मचारियों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान रखना आवश्यक है। उन्होनें कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में कार्य करते हुए हम सभी ग्राहकों से सीधे जुड़े हुए हैं इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम सभी लोग ग्राहकों की भाषा में काम करें जिससे ग्राहक जुड़ाव महसूस कर सकें तथा कारोबार में उत्तरोत्तर प्रगति हो। उन्होंने हिंदी परीक्षाओं के लिए बैंक में विद्यमान विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। तत्पश्चात उन्होनें अपने कर कमलों से उपस्थित प्रतिभागियों को हिंदी परीक्षाओं के लिए **हिंदी शिक्षण योजना, भारत सरकार से प्राप्त हिंदी पाठमाला / अभ्यास पुस्तिका** का वितरण किया।

**श्री एच एम बसवराज, सहायक महा प्रबंधक,** मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, ने कहा हिंदी भाषा सीखने से हमारे संप्रेषण कौशल में सुधार आएगा, देश को एकता से जोड़ने में मजबूती मिलेगी तथा बैंक के ग्राहकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध करने में सहायता प्राप्त होगी। साथ ही साथ उपस्थित सभी प्रतिभागियों का हिंदी परीक्षा के संबंध में मार्गदर्शन किया। उन्होनें कहा कि मई 2020 परीक्षा के लिए सभी कर्मचारी अभी से तैयारी में जुट जाएं तथा 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाते हुए परीक्षा में उत्तीर्ण हों।

केनरा बैंक की आंतरिक वेबसाइट केननेट(इंट्रानेट) पर उपलब्ध हिंदी प्रबोध/ प्रवीण/ बैंकिंग प्राज्ञ संबंधी जानकारी तथा हिंदी प्रोत्साहन योजना के बैंक द्वारा जारी **परिपत्र संख्या 289/2010 दिनांक 16.08.2010** पर तथा मई 2020 में आयोजित होने वाली हिंदी परीक्षा पर विस्तृत जानकारी **श्रीमती वी. श्रीलक्ष्मी, वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग** ने दी।

हिंदी परीक्षा के विभिन्न स्वयं शिक्षण माध्यमों यथा लीला राजभाषा, लीला प्रवाह के अपने मोबाइल पर तथा कंप्यूटर/ लैपटॉप आदि पर इंस्टाल करने एवं उपयोग करने के बारे में जानकारी श्री शशि कांत पांडेय, राजभाषा अधिकारी ने दी।

**संपर्क कक्षाओं के आयोजन, समय सारणी** आदि की जानकारी श्रीमती सरिता, राजभाषा अधिकारी ने दी। तत्पश्चात प्रतिभागियों से प्रतिसूचना प्राप्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

"हिंदी अपनाएं, कारोबार में वृद्धि लाएं"

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

"हिंदी अपनाएं, कारोबार में वृद्धि लाएं"